[36] SEAT No.______ **No. of Printed Pages : 2**

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**

**B.A. (Semester 1) Examination 2018-2019**

**Paper no -UA01CHIN21**

**Adhunik Hindi Kavita**

**Date:- 24/10/2018, Wednesday** **Time:- 10:00am to 01:00pm** कुल:७०

प्र १. सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।(किन्हीं तीन)

(क) सिध्दि- हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात; (१५)
पर चोरी - चोरी गये यही बडा व्याघात।
सखि, वे मुझसे कहकर जाते,
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ - बाधा ही पाते?

(ख) जीवन में एक सितारा था
माना वह बेहद प्यारा था
वह डूब गया तो डूब गया
अम्बर के आनन को देखो
कितने इसके तारे टूटे
कितने इसके प्यारे छूटे ।

(ग) हंस उठते पल में आद्र नयन
घुल जाता होठों से विषाद
छा जाता जीवन में बसंत
लुट जाता चिर संचित विराग
ऑखें देतीं सर्वस्व वार ।

(घ) काट अंध-उर के बंधन-स्तर
बहा जननि ज्योतिर्मय निर्झर
कलुष-भेद-तम हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे ।

(च) अम्बर पनघट में डुबो रही
तारा घट ऊषा नागरी ।
खग कुल-कुल सा बोल रहा
किसलय का अंचल डोल रहा
लो यह लतिका भी भर लाई
मधु मुकुल नवल रस गागरी ।



(P.T.O.)

प्र२. 'यशोधरा' काव्य के आधार पर यशोधरा की चरित्रगत विशेषताएं लिखिए। (२०)

अथवा

प्र२. टिप्पणी लिखिए :-

(क) शब्द-शक्ति का सामान्य परिचय दीजिए।

(ख) यशोधरा की कथावस्तु।

प्र३. 'बीते दिन कब आने वाले' कविता में निहित भावार्थ को स्पष्ट किजिए। (२०)

अथवा

प्र३. टिप्पणी लिखिए :-

(क) 'हिमाद्रि तृंग श्रृंग सें' कविता में व्यक्त राष्ट्रीय भावना।

(ख) 'संध्या सुन्दरी'कविता में निहित प्रकृति सौन्दर्य चित्रण।

प्र४.(अ) टिप्पणी लिखिए :- (८)

(क) 'बीती विभावरी जागरी' कविता काभावार्थ।

(ख) 'क्या पूजन क्या अर्चन!कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(आ) अतिलघुत्तरि प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (७)

१) यशोधरा के पति का नाम क्या था?

२) जयशंकर प्रसाद जी द्रारा रचित महाकाव्य का नाम बताइए?

३) मैथिलीशरण गुप्त जी का जन्म कहाॅ हुआ था?

४) कवि निराला का मूल नाम क्या है?

५) महादेवी वर्मा की तुलना किस कवयित्रि से की जाती है?

६) हालावाद के जनक कौन है?

७) मैथिलीशरण गुप्त जी ने रामायण कथा के आधार पर कौन सा महाकाव्य लिखा है?

—x—